Brooks
LABORATORIES LIMITED
A WHO GMP & ISO : 9001-2008 Certified Company
**Corp. Off.:** 502, Kanakia Atrium - 2,
Next to Courtyard Marriott Hotel,
Andheri Kurla Road, Andheri (East),
Mumbai - 400 093 (India)
Ph.: + 91 22 61933100 Fax : +91 22 61933114

19th June, 2019

**BSE Limited**
Phiroze Jeejeebhoy Towers
Dalal Street
Mumbai-400001

Stock Symbol-533543
Through : BSE Listing Centre

**National Stock Exchange of India Ltd.**
Exchange Plaza, C-1, Block G
Bandra Kurla Complex
Bandra (E), Mumbai-400051

Scrip Code- BROOKS
Through : NEAPS

Dear Sir/Madam,

**Sub: Newspaper Publication of Postal Ballot Notice**

With reference to above, please note that the Postal Ballot Notice of our Company has been published today 19th June, 2019 in Financial Express in English language in all edition and Jansatta, Chandigarh edition in Hindi Language.

Enclosed herewith please find copy of the news papers cuttings.

This is for your information and record.

Thanking You,

Yours faithfully
For **BROOKS LABORATORIES LIMITED**

BROOKS LABORATORIES LTD. 502, Kanakia Atrium-2, Andheri (E), Mumbai - 93.

**(Jyoti Sancheti)**
**Company Secretary and Compliance Officer**
**Membership No. F9639**

# Economy





**POLL POSITION**

Ravi Shankar Prasad, IT and telecom minister
@rsprasad

People of India this time voted for development done under the leadership of PM @narendramodi. An example of this is the fact that BJP won all the constituencies where we set up digital villages.

## Quick View



### Rlys signs MoU with REL for signal system

THE RAILWAYS HAS signed an MoU with RailTel Enterprises (REL), a wholly-owned subsidiary of RailTel Corporation of India, to upgrade its signalling system on four busiest sections. The train control system modernisation project will be implemented on some of the busiest routes.

### AV Chaturvedi gets extension as DGFT

SENIOR BUREAUCRAT ALOK Vardhan Chaturvedi was given an over three-month extension as Director General of Foreign Trade, a personnel ministry order said.

ISF REPORT

# 'Close to 2 m jobs formalised due to GST, demonetisation'

SURYA SARATHI RAY
New Delhi, June 18

**WHILE THE GOVERNMENT** is drawing flak for high unemployment, the last four years saw an unprecedented momentum in formalisation of jobs, a process that enhances the legally enforceable rights of workers as well as their prestige, emoluments and social protection.

All's not been bad with demonetisation and goods and services tax (GST), after all. These two steps by the Modi government 1.0 have played a big role in the formalisation of jobs — cumulatively over 28% of 7.06 million jobs formalised between 2015 and 2018 were due to them, according to a study commissioned by Indian Staffing Federation (ISF).

Only about 16% of India's estimated 500 million workforce is in the formal sector. The rest are in the informal sector.

The Narendra Modi-led NDA government had in November 2016 announced demonetisation of specified high value banknotes; GST, a comprehensive indirect tax that subsumed various central and state levies, came into effect in July 2017. The government has drawn flak for the haste with which both were implemented and the consequent problems faced by large sections of industry.


The report, "Impact of Key Reforms on Job Formalisation and Flexi Staffing", says that a total of 1.08 million jobs were formalised with the introduction of GST. Note ban contributed around 0.87 million into the formalisation of jobs.

Reform initiatives in Employees' Provident Fund (EPF) and Employees' State Insurance (ESI) contributed the most in the formalisation of jobs at 1.28 million and 1.25 million, respectively, during 2015-2018. Initiatives like Pradhan Mantri Rojgar Protsahan Yojana (PMRPY), under which the government shouldered employers' burden for mandatory EPF contribution for an employee earning up to ₹15,000 a month, paid off. The scheme stands withdrawn now.

Braving industry's opposition, the government had in 2016 raised monthly wage threshold for enrollment under ESIC at ₹21,000 from ₹15,000 earlier. The introduction of fixed-term employment, initially for the textile and garment sectors and later for all sectors, also contributed significantly.

The study further said around 11.03 million jobs will be formalised in 2018-2021 as a result of current and imminent policies and reforms. Reforms in EPF and ESIC will drive formalisation of jobs the most.

The report revealed that flexi staffing industry has witnessed acceleration due to government's reforms since 2016. It said flexi workforce is expected to go up to 6.1 million by 20121 from 4.1 million in 2019. In 2015 and in 2018, the number of flexi workforce in the country stood at 2.1 million and 3.3 million, respectively.




# Low job creation: Niti Aayog plans to seek opinion of experts


SAURABH KUMAR
New Delhi, June 18

**TAKING COGNISANCE OF** low employment generation and faltering economic growth, Niti Aayog plans to seek the opinion of domain experts—industrialists, economists and academicians—and come up with actionable solutions to be presented to Prime Minister Narendra Modi.

The government think tank has invited several sector experts for a day-long brainstorming on June 22. First, all invitees will attend a roundtable meeting with Niti Aayog vice-chairman Rajiv Kumar. Subsequently, small sectoral groups will be formed who will put forward ideas which will be compiled into presentations. These sectoral groups will also comprise of senior government officials. Later in the evening, these presentations will be shown to the PM, sources said.

The move comes at a time when India's unemployment level is at 45-year high and the GDP growth rate has plummeted to a 20-quarter low of 5.8% in January-March 2019.

On Monday, rating agency



Fitch cut India's GDP growth forecast to 6.6% for FY20 from 6.8% projected earlier as it believes persistent slowdown in manufacturing and agriculture sectors are dampeners.

Through the exercise, experts are asked to identify constraints on growth acceleration and employment generation across sectors and come up with measures that would propel the economy on a high and sustained growth trajectory, added sources.

Modi on June 15 held the fifth meeting of the Niti Aayog's Governing Council. He had emphasised that the aim to make India a $5-trillion economy by 2024 is challenging, but achievable, and states will have to play a key role. He said that states should identify their core competence, and work towards raising GDP targets starting from the district level.

# Plan to rescind H-4 visas yet to get final shape, says US official

LALIT K JHA
Washington, June 18

**THE TRUMP ADMINISTRATION'S** decision to rescind work authorisation for H-4 visa holders, a large number of whom are the spouses of high-skilled Indian IT professionals, is yet to get a final shape as the rule making process is incomplete, an official has said.

Under the Obama administration, certain H-4 workers were allowed to get employment authorisation. However, US President Donald Trump, soon after coming to power, said that he plans to rescind such a rule. The proposed rule is yet to be formally notified and the administration has delayed the notification a number of times in the past two years.

The US Citizenship and Immigration Services "continues reviewing" all employment-based visa programmes, including the H-4 EADs or employment authorisation card, an official told PTI.

H-4 visas are issued to the spouses of H-1B visa holders.

— PTI

BROOKS LABORATORIES LIMITED
CIN No.: L24232HP2002PLC000267
Registered Office: Village Kishanpura, Nalagarh Road, Baddi, HP - 174101
Corporate Off.: 502, Kanakia Atrium-2, Andheri Kurla Road, Next to Hotel Courtyard Marriott, Andheri (East), Mumbai – 400093
Tel No: 01795-654001 / 654002 / 654003; Fax No.: 01795-236939
Email: cs@brookslabs.net; Website: www.brookslabs.net

POSTAL BALLOT NOTICE

Notice is hereby given pursuant to Section 110 of Companies Act, 2013 and other applicable provisions, if any, of the Companies Act, 2013 ("the Act") read with the Companies (Management and Administration) Rules, 2014 ("the Rules") including any statutory modification or re-enactment thereof for the time being in force, that the Resolutions as set out in Postal Ballot Notice dated 11th June, 2019 is proposed to be passed by the members of the Company by way of Postal Ballot including remote e-voting.

Members are hereby informed that:

1. The Special Business as set out in the Postal Ballot Notice may be transacted through voting by electronic means or through Postal Ballot.
2. The Voting through Postal Ballot and through electronic mode shall commence from Wednesday, 19th June, 2019 at 9:00 a.m. (IST) and will end on Thursday, 18th July, 2019 at 5.00 p.m. (IST).
3. The Company has completed the dispatch of Postal Ballot Notice and Form with self-addressed postage prepaid envelope on Tuesday 18th June, 2019 to those shareholders whose e-mail Ids are not registered and in electronic form to the shareholders whose e-mail addresses registered with their Depository Participants, whose names appear in the Register of Members/ List of Beneficial Owners as on 7th June, 2019 i.e. cut-off date.
4. Members may note that:
   a) The remote e-voting module shall be disabled by CDSL after the aforesaid date and time for voting and once the vote on a resolution is cast by the member, the member shall not be allowed to change it subsequently. Further, the Postal Ballots received from Members after 5.00 p.m. (IST) on Thursday, 18th July, 2019 will not be considered as valid and voting whether by post or by electronic means shall not be allowed beyond the said date.
   b) The voting shall be reckoned in proportion to a Member's share of voting rights on the Paid up Equity Share capital of the Company as on 07th June, 2019 and members can opt for only one mode of voting i.e. either by remote e-voting or through Postal Ballot.
   c) The Postal Ballot Notice and Form shall also be uploaded on Company's website at www.brookslabs.net and on the website of CDSL i.e. www.evotingindia.com
   d) Any member who does not receive the Postal Ballot Form may send an email to cs@brookslabs.net and obtain a duplicate Postal Ballot Form. The Postal Ballot Notice and Form can also be downloaded from the Company's website i.e. www.brookslabs.net
5. The Company has appointed Mr. Nitesh Chaudhary, Practicing Company Secretaries (Membership. No. FCS10010), as the Scrutinizer for conducting the Postal Ballot and e-voting process in a fair and transparent manner.
6. The Scrutinizer will submit their report of the votes cast in favour or not in favour / against, to the Chairman on or before 20th July, 2019 The result of the Postal Ballot would be announced by the Chairman or a person authorized by him in writing on 20th July, 2019 at the Corporate Office of the Company. The results declared along with the scrutinizer's report shall be placed on the website of the Company viz. www.brookslabs.net and communication of the same to National Stock Exchange of India Limited (NSE) & Bombay Stock Exchange Limited (BSE).
7. In case of queries, Members may refer the Frequently Asked Questions (FAQs) and e-voting manual available at www.evotingindia.com under help section or write an e-mail to helpdesk.evoting@cdslindia.com

Members may also write to the Company Secretary & Compliance Officer of the Company for any grievances connected with facility for voting by electronic means at following:

Name : Jyoti Sancheti
Designation : Company Secretary cum Compliance officer
Address Corp. Office : 502, Kanakia Atrium-2, Andheri Kurla Road, Next to Hotel Courtyard Marriott, Andheri (East), Mumbai – 400093
Email id : cs@brookslabs.net

By Order of the Board of Directors
For Brooks Laboratories Limited
Sd/-
Jyoti Sancheti
Company Secretary

Date: 18/06/2019
Place: Baddi, H.P.

## From the Front Page

### RBI may ease data storage norms

The move to examine the data rules comes at a time when trade tussles between India and US have risen. India on Sunday imposed retaliatory tariff against 28 American goods in response to the Trump administration's move last year to slap extra duties on steel and aluminium, having held back the tit-for-tat action for close to a year hoping to clinch an elusive trade deal. New Delhi's action followed Washington's withdrawal of duty-free trade incentives worth $190 million a year for New Delhi from June 5.

At Monday's meeting, industry representatives also informed Goyal that the consultations for the Data Protection Bill by MeitY was "satisfactory but as a lot of time had elapsed and the industry was not sure about the final shape of the Bill". "Secretary MeitY, Ajay Prakash Sawhney, assured the e-Commerce companies that the Bill will reflect all the consultations that had taken place with the industry during the formulation of the Bill," according to the statement.

The government wants more stringent data storage rules to check the misuse of data by various companies (like transferring to third-parties), among other things. At the same time, it wants to ensure that it has better access to the data for any investigative purposes. Technology companies argue the rules would force them to change their business models, hurt planned investments and raise costs.

US-India trade groups as well as top US officials have expressed concerns around such rules in the past.

*(With inputs from Reuters)*

### E-comm policy: Inputs sought in 10 days

Goyal assured the e-commerce players that "each and every concern of the industry will be addressed" after they submit their views, according to a commerce ministry statement. The inputs have to be submitted with the department for promotion of industry and internal trade.

The draft policy, released in February, provided for regulating cross-border data flows, setting up storage facilities locally and establishing a 'data authority' to devise a framework for sharing community data. It also junked some of the controversial suggestions of an earlier draft policy on e-commerce, including the suggestion to tweak policies to enable founders of domestic e-commerce companies to retain control even if their share-holding is small (The suggestion had raised fears of discouraging foreign investments, especially in start-ups).

### Razorpay raises $75 m from Sequoia, others

The expanded product suite was to move the company into a converged payment solutions company, handling all aspect of money movements.

Razorpay also plans to use these funds to double its headcount to 700 by 2020 and hire senior members to lead different product verticals. While the company didn't reveal its valuation post this funding, people with knowledge of the matter said the valuation was close to $450 million.

Harshil Mathur, CEO and Co-Founder, Razorpay, said, "Today, over 350,000 disruptors are partnered with us to create the difference that we are here to make. This funding has come in at a time when fintech and banking is evolving beyond payments and lending and we would like to change the way businesses access banking products."

Razorpay claims that it grew by 500% in the last one year. They company provides digital payments for businesses like IRCTC, Airtel, BookMyShow, Zomato, Swiggy, Yatra and Zerodha, among others and plans to increase this to 450,000 by 2020.

Micky Malka, managing partner, Ribbit Capital, said, "The digital payments market in India is massive. We are excited to be part of a company that is building trust between the consumers and the retailers to enable payments to flow faster and more efficiently in India. We expect that with Razorpay's technology and support, the Indian consumer and the business owners will benefit from a more comprehensive and thorough experience."

### Mumbai Metro One: Syndicate Bank seeks advice on ₹1,928-cr loan

Lenders had been awaiting a fresh framework for resolution of stressed assets after the Supreme Court (SC) struck down the RBI's February 12, 2018 circular as ultra vires. The revised circular issued earlier this month allows lenders 30 days in addition to the existing 180 days from the date of default to come up with a resolution plan.

Syndicate Bank, which leads the consortium of lenders to MMOPL, on Monday put out a public notice seeking expressions of interest (EoIs) from law firms and legal advisors, without naming the account. "Syndicate Bank, a leading public sector bank, invites EOI for engagement of a reputed Legal Advisor/Law Firms to advise and assist the bank upon resolution plan submitted by one of the borrowers (financed under Public-Private partnership funding model under consortium arrangement) classified as NPA with outstanding liabilities aggregating to ₹1,928 crore (approx.), under the Prudential Framework for Resolution of Stressed Assets issued by RBI on 07.06.2019," the bank said in the notice.

The other lenders in the consortium are Indian Bank, State Bank of Hyderabad (now merged with State Bank of India), Bank of Maharashtra, IDBI Bank and India Infrastructure Finance Company (UK), according to MMOPL's website.

MMOPL is a special purpose vehicle (SPV) incorporated for the implementation of the Versova-Andheri-Ghatkopar Corridor Mass Rapid Transit System (MRTS) project. Reliance Infrastructure (RInfra) holds 69% of the equity share capital of MMOPL, while Mumbai Metropolitan Region Development Authority (MMRDA) holds 26%. The remaining 5% is held by Veolia Transport RATP Asia, France, through a separate joint venture company.

Emails seeking responses from MMOPL and an RInfra spokesperson remained unanswered till the time of going to press.

### EU to India: How will you double farm income by 2022?

The US as well as Australia sought details of India's new "transport and marketing assistance" for farm exports, with Australia saying such an export subsidy should be phased out in accordance with the decision at the Nairobi ministerial.

The potential of trade tussles for India seems to be growing. The US had last year told the WTO that India had under-reported the massive support it offered to its wheat and paddy farmers to the multilateral body and its dole-outs far exceeded the permissible limit. It had also dragged India to the WTO, claiming that New Delhi offered illegal export subsidies and "thousands of Indian companies are receiving benefits totaling over $7 billion annually from these programmes". Countries like Brazil, Australia and Guatemala have initiated disputes against India's sugarcane subsidies. Many of them claim India's subsidies are way above the limit set by the agreement on agriculture, which is 10% of the value of production for every product.

For its part, India has criticised the US 2018 Farm Bill, saying it benefited not just farmers, but also their kith and kin. The Farm Bill of 2018 has provisions that are intended for the benefit of family farms such as the inclusion of 'first cousin, niece, nephew', in the pool of potential family members that qualify for subsidies under the Bill. The Bill also permits farmers' children and spouses (without ever having set foot on the farm) to count as "actively engaged" in farming, thus qualifying them for $125,000 worth of subsidy payments.

India, along with Australia, Canada, China, the EU, New Zealand and Ukraine, queried US president Donald Trump's $16-billion "market facilitation package". In May, the US declared the $16-billion trade aid programme for American farmers that included a three-pronged trade aid package for those farmers who had been hurt by the US-China trade war. China said the package may breach the "product specific" ceiling of 5% of the value of production, allowed under the WTO framework.

### SFIO probe: Audit firm noted lapses by IFIN but looked the other way

In emails to IFIN's officials, the audit team noted 17 instances, including a loan of ₹12 crore extended to a subsidiary of Unitech, which was then used to repay interest on previous loans. Similarly, the BSR team had noted that Ansal Properties made interest payment on previous loan facility from fresh loans amounting to ₹10 crore given in the months of June, November and December 2017. In the case of Parsavnath, the audit team observed that fresh loans were later disbursed to service an account which became stressed in July 2015. In the case of ABG International as well, fresh and unsecuritied loans were given to the company to service previous loans.

The SFIO had in its chargesheet said that IFIN management extended loans to group companies of defaulting borrowers to avoid non-performing asset classification. Fresh loans were used for repayment of old ones until the final loan facility was written off or went unrecognised.

Ganesh, in his statement to the SFIO, also blamed the absence of regulatory clarity from the RBI for the audit firm's inaction. "Evergreening was under RBI's consideration having identified some transactions in the RBI draft inspection report for the year ended March 31 2017, pending receipt of the final report even after about 5 to 8 months of issue of draft report resulting in the absence of regulatory clarity on what kind of transactions should be regarded as 'evergreening'," Sampath told SFIO, as per excerpts of the interim report seen by *FE*.

The RBI had pointed out IFIN's flouting group exposure norms in 2015, even though it did not impose any penalties or take corrective action, SFIO's probe found. The central bank only clarified its position on classification of group companies and IFIN's negative net owned fund (NOF) and credit adequacy ratio in November 2017. Net owned fund is the aggregate of paid up equity capital and free reserves on company's balance sheets. A registered NBFC, such as IFIN, is required to have a NOF of ₹2 crore.

The SFIO report has recommended that RBI conduct internal investigations into why action was not taken at the right time to prevent ballooning of the matter.

BSR & Associates, KPMG's affiliate in India, in response to FE's queries said its audit of IFIN was done in accordance with the applicable auditing standards and legal framework. "We will defend our position in accordance with the law, and are confident that the judicial process will confirm BSR's position," the firm said in an email response.

### Draft NEP frees pvt schools of EWS quota

In the Regulation and Accreditation of School Education chapter of the NEP, the Centre states that misuse of the RTE Act will be stopped by "effective enforcement, administrative, and legislative measures", listing private schools "inflating admission numbers of children from socio-economically disadvantaged groups" as an abuse of the RTE Act 12 (1) (c). It is, however, silent on the reported incidences of parents abusing the quota by faking socio-economic status through forged documents. With the public education system failing to deliver on quality of learning in elementary education—the Aser findings over the years are evidence of this—RTE shifted the pressure of delivery on to private schools through the EWS quota. However, earlier this month, the Karnataka HC put the pressure back on the government school system by ruling that the quota is meant to be a supplement to government school capacity, and not a substitute.

### Now, 15 CBIC officers sacked

Though the rule that provides for compulsory retirement of government staff in public interest has existed for several decades, it has sparingly been invoked. As was the trend in earlier orders, the 15 CBIC officials have had cases against them related to disproportionate assets, impropriety, bribery, misuse of official position or even smuggling. Most of the cases had been initiated by the CBI, and a couple of officials were already under suspension.

For instance, Anup Srivastava (1984 batch), currently posted as additional director-general of audit in Delhi has seven charges against him including illegal favour accorded to a housing society. Similarly, Atul Dikshit (1988 batch), a commissioner rank official currently under suspension, has a CBI case for allowing fraudulent drawback worth over ₹74 crore and accumulating assets disproportionate to his known source of income.

Additionally, Nalin Kumar, joint commissioner (2005 batch) and SS Pabana, assistant commissioner (2014 batch) have been retired while under suspension currently. While Kumar has a CBI case against him on amassing disproportionate assets, Pabana was arrested by Department of Revenue Intelligence (DRI) for abetting foreign currency exports.

Further, Ashok Kumar Aswal, deputy commissioner (2003 batch) and currently posted as directorate of logistics in Delhi, has a CBI case for accepting bribe of ₹10 lakh. Another official of assistant commissioner rank, Mohd Altaf (2009 batch), currently posted in Allahabad, was found to be the mastermind and investor in smuggling of Red Sanders by adjudicating authorities and faced a penalty of over ₹2 crore.

The orders issued by the revenue department against these officials read as: ".... in exercise of the powers conferred by clause (j) of rule 56 of the fundamental rules, the president hereby retires ......... with immediate effect, he having already attained the age of 50 years." The order said that the each official retired will be paid a sum equivalent to the amount of his pay plus allowances for three months equivalent to last drawn salary.

### ADAG firms claim dues of ₹7,000 cr from RCom

The list shows that China Development Bank claimed dues of ₹9,863.89 crore and the IRP has admitted the entire claim. The IRP also admitted full claims made by LIC (₹4,758 crore), Exim Bank of China (₹3,356.44 crore), Standard Chartered Bank (₹2,130.23 crore), ICBC (₹1,832.89 crore), Syndicate Bank (₹1,225.19 crore), and PNB (₹1,126.87 crore), among others.

## पुलिस ने बरामद की 29 ग्राम हेरोइन

अंबाला, 18 जून (जनसत्ता)।

हरियाणा के स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज के अंबाला में नशीले पदार्थों की बिक्री को लेकर उठाए गए सवाल के बाद अंबाला पुलिस हरकत में आ गई है और उसने जिले में जगह जगह छापे मारने का सिलसिला शुरू कर दिया है। विज ने कुछ दिन पहले इस मामले में हरियाणा पुलिस के महानिदेशक से फोन पर बातचीत की थी और अंबाला में बढ़ रहे नशीली चीजों के प्रचालन पर चिंता जताई थी। पंजाब से सटा होने के कारण अंबाला अफीम, हेरोइन व नशे के केप्सूल की बिक्री होती रही है। यूपी और राजस्थान से बड़ी तादाद में अफीम अंबालासे होकर पंजाब के इलाके में जाती है। पिछले कुछ सालों से हेरोइन की बिक्री भी जोर पकड़ने लगी है। गत सांय पुलिस के सीआइए स्टाफ ने एक गुप्त सूचना के आधार पर थाना अंबाला छावनी के क्षेत्र सुभाष पार्क के नजदीक से छापेमारी के दौरान आरोपी रोहित से 20 ग्राम हेरोइन बरामद की। आज उसे न्यायालय में पेश किया। उसे दो दिन के पुलिस रिमांड में भेजने के आदेश दिए। एक अन्य मामले में अंबाला शहर के क्षेत्र दोखंभा चौक के नजदीक संदिग्ध वाहनों की चैकिंग करते समय आरोपी सोनू से 9 ग्राम हेरोइन बरामद हुई।

# बठिंडा में नशे कीओवरडोज से युवती की मौत

लुधियाना, 18 जून (जनसत्ता)।

लुधियाना के दीपसिंह नगर में आज मंगलवार को नशे के ओवरडोज से 22 साल की युवती की मौत हो गई। यह युवती सात से भी ज्यादा समय से 'चिट्टा' की आदी थी और इस साल 3 जून से वह बठिंडा के सिविल अस्पताल में स्थित नशा रोधी केंद्र में अपना इलाज करवा रही थी। इस केंद्र में करीब एक हफ्ते के इलाज के बाद युवती को अस्पताल से छुट्टी दे गई थी। उसके बाद सिर्फ उसकी दवा चल रही थी।



नशारोधी केंद्र में मनोचिकित्सक डा. अमन बंसल ने बताया कि यह युवती एक आकेस्ट्रा ग्रुप में काम करती थी और इसी दौरान उसे हेरोइन (चिट्टा) का चस्का लग गया और फिरक वह इसे छोड़ ही नहीं पा रही थी। उसका एक दोस्त उसे नशे की आपूर्ति करने में मदद करता था। ऐसा लगता है कि इस युवती ने अस्पताल से घर जाने के बाद फिर से नशे की डोज ले ली होगी जिससे उसकी मौत हो गई। इससे पहले 3 जून को भी ड्रग की ओवरडोज की वजह से उसकी तबीयत खराब हुई थी और उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

एसएसपी डा. नानक सिंह ने भी नशे की वजह से इस युवती की मौत की पुष्टि की है। उन्होंने कहा 'इस युवती का नशारोधी केंद्र में इलाज चल रहा था हमने इस संबंध में भादंसं की धारा 304 के तहत मामला दर्ज कर लिया।'

इसी बीच युवती के परिजन इस घटना के बाद से ही चुप्पी साधे हुए हैं। इस घटना से राज्य में नशे की सप्लाई पर सवाल उठने लगे हैं। वह भी तब जब पंजाब सरकार लगातार राज्य को नशामुक्ति के दावे करती रहती है।

गौरतलब है कि पंजाब के मुख्यमंत्री अमरिंदर सिंह 2017 के विधानसभा के दौरान गुटका साहिब को हाथ में लेकर कसम खाई थी कि वह पंजाब को छह हफ्तों में नशा माफिया से मुक्त कराएंगे। लेकिन नशे से हो रही मौत तो कुछ और ही कह रही है। यह मौत इस बात का सबूत है कि राज्य में अब महिलाएं भी नशे की आदी होती जा रही है।

सोमवार को बठिंडा के बीड़ तालाब क्षेत्र में पंजाब पुलिस की एक बैठक में कहा गया कि गांवों में महिलाएं नशे की आपूर्ति के काम में लगी हैं। बैठक में जीत कौर नामक एक महिला ने बताया कि गांवों में 13 साल की उम्र की लड़कियों को चिट्टा के सप्लाई का इस्तेमाल किया जा रहा है। उसके बेटे को भी नशे की लत लग गई थी।

इस बाबत पूछने पर एसएसपी बठिंडा ने कहा हम गांवों में हालात का जायजा लेने के लिए बैठकें आयोजित कर रहे हैं। नशे की सप्लाई करने वाले के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# बारिश में घर की छत गिरने से बच्ची की मौत, सात घायल

## फतेहाबाद में काल बनकर बरसी बारिश

चंडीगढ़, 18 जून (जनसत्ता)।

हरियाणा के फतेहाबाद जिले के गांव भट्टूकलां में मंगलवार तड़के हुई बरसात राठौड़ मोहल्ले में रहने वाले दर्शन सिंह के परिवार पर कहर बनकर टूटी। इस बरसात से घर की छत भरभराकर ढह गई। इससे बरामदे में सो रहे लोगों में से सात साल की मासूम की मौत हो गई और सात लोग घायल हो गए। घायलों में महिलाएं और बच्चे भी हैं।



मलबे में दबे लोगों को कड़ी मशक्कत के बाद बाहर निकालकर भट्टूकलां के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। बताया गया है कि सोमवार रात अधिक बारिश होने के कारण बिजली के कट लग रहे थे। इस वजह से परिवार की महिलाएं और बच्चे घर के बरामदे और अशोक, उसका भाई राजेश और मुकेश घर के बाहर सो गए।

लोगों ने बताया कि मंगलवार सुबह करीब छह बजे बरामदे की छत जोरदार आवाज के साथ भरभरा कर गिर गई और बच्चे और महिलाएं मलबे में दब गए। आवाज सुनकर पड़ोसी पहुंचे। इस हादसे में सात साल की मोहिनी की मौत हो गई। घायलों में 32 वर्षीय नीतू, 20 वर्षीय मंजू, 60 वर्षीय मेसर देवी, सात वर्षीय आरती, सात वर्षीय आयना और 10 वर्षीय पूजा और 10 वर्षीय अजय घायल हो गए। मोहिनी गर्मियों की छुट्टियां मनाने ननिहाल आई थी। यह मकान 20-25 साल पुराना बताया गया है। हालांकि बरामदे की छत पर गार्डर लगा था। मगर अधिक बरसात के कारण दीवारों में पानी का रिसाव होने से छत ढह गई।

# सैलजा होंगी प्रदेशाध्यक्ष, हुड्डा को विधायक दल की कमान!

चंडीगढ़, 18 जून (जनसत्ता)।

हरियाणा कांग्रेस में पिछले पांच साल से चल रही दिग्गजों की जंग अब समाप्त होने जा रही है। पार्टी हाईकमान ने सभी नेताओं को संगठन में एडजस्ट करने की तैयारी कर ली है। कांग्रेस प्रभारी गुलाम नबी आजाद की इस विवाद को सुलझाने में अहम भूमिका है। जिन्होंने हाईकमान को यह फार्मूला सुझाया है।

- ☆ हरियाणा कांग्रेस की कलह खत्म करने की तैयारी
- ☆ दिग्गजों के विवाद के बीच हाईकमान ने निकाला बीच का रास्ता
- ☆ तीन कार्यकारी अध्यक्ष लगाने की तैयारी
- ☆ अजय यादव, दीपेंद्र व कुलदीप को मिल सकती है जिम्मेदारी

हरियाणा कांग्रेस अध्यक्ष अशोक तंवर और पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा के बीच आपसी खींचतान चल रही है। जिसके परिणाम स्वरूप प्रदेश में पिछले पांच साल के दौरान हुए सभी चुनाव कांग्रेस पार्टी हार चुकी है। हाईकमान के कई प्रयासों के बावजूद तंवर और हुड्डा में सुलह नहीं हो सकी है। अब लोकसभा चुनाव हारने के बाद कांग्रेस हाईकमान पूरी तरह से गंभीर हो गई है। हालांकि चुनाव के बाद हाईकमान की हरियाणा के नेताओं के साथ दो बैठकें हो चुकी हैं लेकिन आपसी विवाद समाप्त नहीं हुआ है।

अब कांग्रेस हाईकमान ने यह विवाद सुलझाने की तैयारी कर ली है। हाईकमान ने जो फार्मूला तैयार किया है उसमें मुख्यमंत्री के दावेदार सभी नेताओं को एड्जस्ट किया जाएगा। पार्टी अशोक तंवर को अध्यक्ष पद से हटाकर दलितों की नाराजगी मोल नहीं लेना चाहती। जिसके चलते कुमारी सैलजा को हरियाणा कांग्रेस की बागडोर दिए जाने की तैयारी हो गई है। पांच साल से अलग गुट का संचालन कर रहे भूपेंद्र सिंह हुड्डा को शांत करने के लिए पार्टी ने उन्हें विधायक दल का नेता बनाने की तैयारी की है।

इसके अलावा कांग्रेस हाईकमान ने तीन कार्यकारी अध्यक्ष लगाने का भी फैसला किया है। जिसके तहत कैप्टन अजय सिंह यादव को दक्षिण हरियाणा की कमान दिए जाने की तैयारी है। रोहतक के पूर्व सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में जाटलैंड में पार्टी की मजबूती के लिए काम करेंगे। इसके अलावा हाईकमान ने कुलदीप बिश्नोई को कार्यकारी अध्यक्ष बनाकर गैर जाटों को लुभाने की तैयारी कर ली है। इसके अलावा अभी तक विधायक दल की नेता रही किरण चौधरी को हरियाणा में संगठन की अहम जिम्मेदारी दी जा सकती है। हाईकमान ने हरियाणा के बिखरे कांग्रेसियों को एकजुट करने के लिए यह प्लान तैयार कर लिया है। जिसे बहुत जल्द अमली रूप दिया जाएगा।

### रणदीप सुरजेवाला करेंगे केंद्र की राजनीति

हरियाणा कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं कैथल के विधायक रणदीप सिंह सुरजेवाला राष्ट्रीय राजनीति में सक्रिय रहेंगे। सुरजेवाला पिछले लंबे समय से हरियाणा में सक्रिय राजनीति नहीं कर रहे हैं। जिसके चलते नए समीकरणों के तहत भी वह केंद्र में ही सक्रिय रहेंगे। पार्टी सुरजेवाला को उनकी इच्छा के अनुसार राष्ट्रीय राजनीति में कोई और जिम्मेदारी भी दे सकती है।

### राष्ट्रीय राजनीति में सक्रिय होंगे अशोक तंवर

हरियाणा में लंबे समय से हुड्डा गुट की राह में रोड़ा बने अशोक तंवर को पार्टी भले ही अध्यक्ष पद से हटाकर सभी नेताओं को एकजुट करने की तैयारी में है लेकिन पार्टी उन्हें भी नाराज नहीं करेगी। अशोक तंवर हरियाणा कांग्रेस के पहले ऐसे अध्यक्ष हैं जो अपने पूरे कार्यकाल के दौरान ब्लाक व जिला स्तर पर कार्यकारिणी का गठन नहीं कर सके हैं। गुलाम नबी आजाद ने हाईकमान को जो फार्मूला भेजा है उसके अनुसार तंवर को राष्ट्रीय कार्यकारिणी में अहम जिम्मेदारी दी जा सकती है।


**भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान कल्याणी**
कल्याणी, नादिया - 741235 पश्चिम बंगाल
(राष्ट्रीय महत्व का संस्थान)
विज्ञापन संख्या: IIITK/C31/2019/1876

**प्रथम वार्षिक दीक्षांत समारोह**

भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान कल्याणी का प्रथम वार्षिक दीक्षांत समारोह दिनांक २३ जून २०१९, रविवार को अपराह्न 13:00 बजे विश्व बांग्ला कनवेंशन सैंटर, न्यू टाउन, कोलकाता में आयोजित हो रहा है। महामहिम राज्यपाल पश्चिम बंगाल श्री केशरी नाथ त्रिपाठी समारोह के मुख्य अतिथि होंगे। प्रो.पी.पी.चक्रवर्ती, मैंटर निदेशक, भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान कल्याणी एवं निदेशक, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान खड़गपुर समारोह की अध्यक्षता करेंगे।

समारोह में उपाधि प्राप्त करनेके इच्छुक, वर्ष २०१८ एवं २०१९ के उपाधि प्राप्तकर्ताओं से अनुरोध है कि वे ऑनलाइन (iiitkalyani.ac.in) आवेदन करें।

कुलसचिव




स्कूलों में गर्मी के छुट्टियों के दौरान आयोजित समर कैंप में स्वरक्षा के लिए कराटे सीखते बच्चे।

# भाजपा रोहतक से बनाएगी विस चुनाव की रणनीति, 29 को बैठक

चंडीगढ़, 18 जून (जनसत्ता)।

हरियाणा में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी ने विधानसभा चुनाव की रणनीति को अंतिम रूप देने के लिए प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक बुला ली है। यह बैठक भाजपा अध्यक्ष एवं गृहमंत्री अमित शाह के रोहतक दौरे के बाद 29 जून को रोहतक में बुलाई गई है। शाह के हरियाणा दौरे के बाद विधानसभा चुनाव से पहले प्रदेश कार्यकारिणी की यह अंतिम बैठक होगी। जिसके बाद सभी नेता सत्ता व संगठन के स्तर पर चुनाव की तैयारियों को अमली रूप दे दिया जाएगा।

भाजपा ने लोकसभा चुनाव के दौरान भी अपनी गतिविधियों का केंद्र रोहतक को ही बनाया था। जिसके परिणामस्वरूप हालही में हुए लोकसभा चुनाव के दौरान भाजपा रोहतक व सोनीपत के रूप में हुड्डा का किला ध्वस्त करने में कामयाब रही है। रोहतक में भाजपा को मुश्किल से जीत नसीब हुई है। जिसके चलते पार्टी हाईकमान निकट भविष्य में होने वाले विधानसभा चुनाव के दौरान कोई जोखिम मोल नहीं लेना चाहता है।

इसकी तैयारी अभी से शुरू हो गई है। 21 जून को योग दिवस के अवसर जहां अमित शाह हरियाणा के नेताओं से विचार-विमर्श करेंगे वहीं 29 जून को भाजपा ने रोहतक में ही प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक बुला ली है। जिसका मुख्य एजेंडा विधानसभा चुनाव की रणनीति को अंतिम रूप देना है। भाजपा प्रभारी डॉ.अनिल जैन की अध्यक्षता में होने वाली यह बैठक पूरा दिन चलेगी। जिसमें विभिन्न सत्रों का आयोजन किया जाएगा। इस बैठक में हरियाणा के सभी बोर्ड व निगमों के चेयरमैन, विधायक, मंत्री, सांसदों के अलावा संगठन में पहली कतार के नेता भाग लेंगे।

इस बैठक में मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा कार्यकर्ता अभिनंदन समारोह के संबंध में अपनी रिपोर्ट पेश की जाएगी वहीं सुभाष बराला भी जिला स्तर पर आयोजित हुई बैठकों में मिले फीडबैक को इस बैठक में रखेंगे। इसके बाद हाईकमान के निदेर्शों पर विधानसभा चुनाव की रणनीति से प्रदेश के सभी नेताओं को अवगत करवाया जाएगा। इस बैठक के बाद एक जुलाई से हरियाणा भाजपा में सत्ता व संगठन के नेता विधानसभा चुनाव का बिगुल फूंक देंगे।


**ब्रूक्स लैबोरेटरीज़ लिमिटेड**
CIN: L24232HP2002PLC000267
पंजीकृत कार्यालय: गांव किशनपुरा, नालागढ़ रोड, बद्दी, हि.प्र.-174101
कारपोरेट कार्यालय: 502, कनकिया एट्रियम-2, अंधेरी कुरला रोड, नेक्स्ट टू होटल कोर्टयार्ड मैरियट, अंधेरी (पूर्व), मुंबई-400093
टेली: 01795-654001, 654002, 654003, फैक्स नं.: 01795-236939,
इ-मेल: cs@brookslabs.net, वेबसाइट: www.brookslabs.net

**डाकीय मतपत्र सूचना**

कंपनीज़ (प्रबंधन तथा प्रशासन) नियमों, 2014 ("नियमों") पठित कंपनीज़ अधिनियम, 2013 ("अधिनियम") किसी सांविधिक संशोधनों या समय-समय पर उस पर प्रभावी पुनः अध्यादेश के साथ कंपनीज़ अधिनियम, 2013 की धारा 110 और अन्य लागू व्यवस्थाओं, यदि कोई हो, के प्रावधानों की अनुवर्ती एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि डाकीय मतपत्र सूचना दिनांक 11 जून, 2019 में तय किए गए प्रस्ताव को रिमोट इ-वोटिंग सहित डाकीय मतपत्र के माध्यम से कंपनी के सदस्यों द्वारा पारित किया जाना प्रस्तावित है।

सदस्यों को सूचना दी जाती है कि:

1. डाकीय मतपत्र में तय किए विशेष व्यापार को इलैक्ट्रोनिक विधि या डाकीय मतपत्र के माध्यम से वोटिंग द्वारा पूरा किया जा सकता है।
2. डाकीय मतपत्र या इलैक्ट्रोनिक विधि के माध्यम से वोटिंग बुधवार, 19 जून, 2019 को प्रातः 9.00 बजे (आइएसटी) से शुरू और गुरुवार, 18 जुलाई, 2019 को सांय 5.00 बजे (आइएसटी) पर बंद होगी।
3. जिनका नाम कट-ऑफ तिथि अर्थात 07 जून, 2019 को सदस्यों/बेनिफिशियल की सूची के रजिस्टर में है उन्हें डिपॉजिटरीज़ पार्टिसिपेंट्स के साथ पंजीकृत शेयरधारकों के इ-मेल पतों पर डाकीय मतपत्र सूचना इलैक्ट्रोनिक विधि के माध्यम से और जिन शेयरधारकों के इ-मेल पते कंपनी के साथ पंजीकृत नही है उन्हें मंगलवार, 18 जून, 2019 को डाकीय मतपत्र सूचना तथा स्वयं पता लिखा डाक प्रीपेड लिफाफा भेजने का कार्य पूर्ण कर लिया है ।
4. **सदस्य नोट करें कि:**
   क) रिमोट इ-वोटिंग सारणी वोटिंग के लिए ऊपर कथित तिथि व समय के बाद सीडीएसएल द्वारा निष्क्रिय कर दिया जाएगा और सदस्यों द्वारा प्रस्ताव पर एक बार डाले गए वोट पर, उसके बाद सदस्य को उसमें बदलाव की अनुमति नहीं दी जाएगी। आगामी तौर पर, गुरुवार, 18 जुलाई 2019 को सायं 5.00 बजे (आईएसटी) के बाद सदस्यों से प्राप्त डाकीय मतपत्र को वैध के तौर पर विचारा नहीं जाएगा और वोटिंग चाहे डाक द्वारा या इलैक्ट्रानिक विधि द्वारा कथित तिथि के बाद अनुमति नहीं दी जाएगी।
   ख) वोटिंग 07 जून 2019 को कंपनी के भुगतान इक्विटी शेयर पूंजी पर वोटिंग के अधिकार के सदस्य हिस्से के अनुपात में मान्य होगा और सदस्य केवल एक विधि अर्थात रिमोट इ-वोटिंग या डाकीय मतपत्र द्वारा वोटिंग कर सकते हैं।
   ग) डाकीय मतपत्र सूचना तथा फार्म कंपनी की वेबसाइट www.brookslabs.net और सीडीएसएल की वेबसाइट अर्थात www.evotingindia.com पर भी अपलोड किया गया है।
   घ) कोई सदस्य जिसे डाकीय मतपत्र फार्म प्राप्त नहीं हुआ है वह cs@brookslabs.net पर इमेल भेजकर डुप्लिकेट डाकीय मतपत्र फार्म प्राप्त कर सकते हैं। डाकीय मतपत्र सूचना और फार्म कंपनी की वेबसाइट www.brookslabs.net से भी डाउनलोड किया जा सकता है।
5. कंपनी में निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके में डाकीय मतपत्र तथा इ-वोटिंग प्रक्रिया आयोजित करने के लिए छंटनीकार के तौर पर श्री नितेश चौधरी, पेशेवर कंपनी सचिव (सदस्यता संख्या FSC10010) को नियुक्त किया है।
6. छंटनीकार 20 जुलाई, 2019 को या उससे पूर्व अध्यक्ष को पक्ष/विरोध में डाले गए वोटों की रिपोर्ट प्रस्तुत करेगा। डाकीय मतपत्र का परिणाम अध्यक्ष द्वारा या लिखित में उस द्वारा प्राधिकृत व्यक्ति द्वारा कंपनी के कारपोरेट कार्यालय में 20 जुलाई 2019 को घोषित किए जाएंगे। छंटनीकार की रिपोर्ट के साथ घोषित परिणाम कंपनी की वेबसाइट जैसे www.brookslabs.net पर डाले जाएंगे और उसी को नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड (एनएसई) और बांबे स्टाक एक्सचेंज लिमिटेड (बीएसई) सम्प्रेषित किए जाएंगे।
7. पूछताछ की स्थिति में, सदस्य फ्रीक्वेंटली आस्क्ड क्वेश्चन्स (एफएक्यूज़) और हेल्प सेक्शन के अंतर्गत www.evotingindia.com पर उपलब्ध इ-वोटिंग मैनुवल को देख सकते हैं या helpdesk.evoting@cdslindia.com पर इ-मेल लिख सकते हैं।

सदस्य इलेक्ट्रानिक तरीके द्वारा वोटिंग के लिए सुविधा से जुड़ी किसी समस्या के लिए कंपनी सचिव तथा अनुपालन अधिकारी को भी निम्नलिखित पर लिख सकते हैं:

| | |
|---|---|
| **नाम** | : ज्योति संचेती |
| **पद** | : कंपनी सचिव तथा अनुपालन अधिकारी |
| **कारपोरेट कार्यालय का पता** | : 502, कनकिया एट्रियम-2, अंधेरी कुरला रोड, नेक्स्ट टू होटल कोर्टयार्ड मैरियट, अंधेरी (पूर्व), मुंबई-400093 |
| **इ-मेल आईडी** | : cs@brookslabs.net |

निदेशकों के बोर्ड के आदेशानुसार
कृते ब्रूक्स लैबोरेटरीज़ लिमिटेड
हस्ता./-
ज्योति संचेती
कंपनी सचिव

तिथि: 18.06.2019
स्थान: बद्दी, हि.प्र.


# मेयर से बदसलूकी के आरोप में सफाई कर्मी यूनियन निलंबित

## सफाई कर्मियों की धमकी, 24 घंटे में निलंबन रद्द न हुआ तो काम ठप करेंगे

संजय चौधरी
चंडीगढ़, 18 जून।

चंडीगढ़ नगर निगम आयुक्त केके यादव ने शहर के मेयर राजेश कालिया के साथ कथित बदसलूकी के आरोप में सफाई कर्मचारी यूनियन के प्रधान कृष्ण चड्डा को निलंबित कर दिया है। उधर, चड्डा ने भी अल्टीमेटम दे दिया है कि चौबीस घंटे में यह आदेश वापस नहीं लिया गया तो निगम के सभी सफाई कर्मचारी गुरुवार से हड़ताल पर चले जाएंगे।

निलंबन आदेश के बाद सफाई कर्मचारी यूनियन के चेयरमैन यूनियन के अन्य पदाधिकारियों के साथ नगर निगम उपायुक्त केके यादव के कार्यालय में जाकर ज्ञापन सौंप कर आये। इसमें कहा गया है कि अगर अगले 24 घंटे तक यूनियन के प्रधान कृष्ण चड्डा का निलंबन आदेश रद्द नही किया तो लगभग सभी सफाई कर्मचारियों द्वारा हड़ताल कर पूरे शहर की सफाई कार्य ठप कर दी जाएगी। इस हड़ताल में घर-घर कचरा उटाने वाले कर्मचारी भी भाग लेंगे।

यूनियन ने कहा कि अगर उनके प्रधान का निलंबन रद्द नहीं हुआ तो पूरे शहर में चक्का जाम किया जाएगा। इसके लिए जिम्मेदार महापौर और निगम के अधिकारी होंगें। यूनियन के प्रधान कृष्ण चड्डा ने कहा कि सोमवार को उनकी टीम निगम उपायुक्त केके यादव से मिलकर आई थी। जहां उपायुक्त ने उनको आश्वासन दिया था कि उनके ज्ञापन पर गौर करेंगे। और यूनियन के प्रधान कृष्ण चड्डा के उपर कोई कार्रवाई नहीं होने देंगे।

यूनियन प्रधान ने कहा कि निगम उपायुक्त भी महापौर के साथ मिल गए हैं। उन्होंने चंडीगढ़ के स्वच्छता के बारे में गंभीरता नहीं दिखाई और सफाई कर्मचारियों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ करने वाले का साथ दिया।

वही इस अवसर पर चंडीगढ़ के महापौर राजेश कालिया ने बताया कि सफाईर्ा कर्मचारी यूनियन प्रधान कृष्ण चड्डा ने उनके कार्यालय में आकर उनके साथ बदतमीजी की, धमकी दी और मारपीट की कोशिश की। महापौर ने कहां कि शहर के महापौर की अपनी एक गरिमा होती है। उस गरिमा को ताक पर रखते हुये कानून को हाथ में लिया है। जिसके तहत उनको निलंबित किया गया है। महापौर ने कहा कि अभी जांच जारी है। जांच पूरी होने पर अगर मेरी दी शिकायत सही पाई गई तो यूनियन प्रधान को नौकरी से बर्खास्त भी किया जा सकता है।

### हड़ताल करने वाले कर्मियों के खिलाफ होगी कार्रवाई

महापौर ने कहा कि अगर यूनियन द्वारा दिए अल्टिमेटम के तहत सफाई कर्मचारी यूनियन हड़ताल में शामिल होते हैं तो उनाके खिलाफ नगर निगम सख्त कार्रवाई करेंगी। इन कर्मचारियों की हड़ताल होने पर भी शहर की सफाई व्यवस्था को ठप्प नही देंगे। नगर निगम ने इस सूरत में भी पर्याप्त योजना बना रखी है। लेकिन हड़ताल करने वाले कर्मचारियों को बिल्कुल भी नही बख्शा नही जाएगा।

## पेड़ से लटका मिला शव

चंडीगढ़, 18 जून (जनसत्ता)।

सेक्टर-11 थाना एरिया के अतंर्गत पड़ते खुडडा लाहौरा ब्रिज से नयागांव की ओर जाने वाली सड़क पर स्थित जंगल में सोमवार देर रात एक व्यक्ति का शव पेड़ से लटका हुआ मिला। मृतक की पहचान नयागांव जिला मोहाली के रहने वाले 40 साल के संदीप कुमार के रूप में हुई है।

पुलिस के मुताबिक संदीप कुमार शादीशुदा था और अपने परिवार समेत नयागांव में रहता था। सोमवार देर रात करीब 12 बजे किसी राहगीर ने वहां से गुजरते हुये देखा कि उक्त जंगल में पेड़ से एक व्यक्ति फंदे पर लटका है। जिसके बाद राहगीर ने इसकी सूचना तुरंत पुलिस को दी। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर उक्त व्यक्ति के शव को फंदे उसे उतारकर तुरंत अस्पताल में पहुंचाया। जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटनास्थल से कोई सुसाइड नोट भी बरामद नहीं हुआ है।

# नरवाना में बारिश में खुले आसमान के नीचे भीगा हजारों क्विंटल गेहूं

## एफसीआइ, हैफेड, खाद्य एवं आपूर्ति विभाग ने ओपन पलिंथ पर लगा रखी गेहूं की बोरियां

चंडीगढ़, 18 जून (जनसत्ता)।

जींद जिले के नरवाना में सोमवार देर रात से हो रही सीजन की पहली बारिश से जहां लोगों को पिछले कई दिनों से पड़ रही भीषण गर्मी से राहत मिली वहीं विभिन्न विभागों के अधिकारियों की लापरवाही के चलते ओपन पलिंथ (फड़) पर लगाई गई हजारों क्विंटल गेहूं की बोरियां रात भर और मंगलवार सुबह भी बारिश में भीगती रही। इससे इन बोरियों में भरा गया गेहूं खराब होने की आशंका है।

उल्लेखनीय है कि सरकारी खरीद एजंसी एफसीआइ, हैफेड और फूड एंड सप्लाई ने इस सीजन में खरीदी गई लाखों क्विंटल गेहूं की बोरियों को गोदामों के साथ-साथ ओपन पलिंथों (फड़ों) पर भी लगा रखा है। खरीद एजंसियों द्वारा करोड़ों रुपए की लागत से खरीदे गए इस अनाज के रख-रखाव की पूरी जिम्मेवारी संबंधित विभागीय अधिकारियों की होती है।

मानूसन का मौसम शुरू होने से पहले ओपन पलिंथों पर लगाए गए अनाज को बारिश से बचाने के लिए बोरियों के तमाम स्टैगों पर अच्छी तरह से तिरपाल ढक कर यह सुनिश्चित करना होता है कि बारिश के पानी से स्टैग में लगी बोरियां भीगने न पाएं और बरसात का पानी स्टैग के अंदर न जाने पाए। लेकिन मंगलवार सुबह प्री मानसून की पहली बारिश के दौरान ही जब एफसीआइ, हैफेड व फूड एंड सप्लाई के ओपन पलिंथों पर लगे गेहूं के कई स्टैगों को देखा गया तो इन स्टैगों पर तिरपाल नहीं थे और पूरी रात व मंगलवार सुबह लगातार हुई बारिश में हजारों क्विंटल गेहूं की बोरियों के ये स्टैग खुले आसमान के नीचे यूं ही भीगते रहे। हालांकि इन पलिंथों पर लगे काफी स्टैगों को तिरपाल से पूरी तरह ढका हुआ था लेकिन इन्हीं पलिंथों पर ऐसे गेहूं की बोरियों के स्टैग भी थे जिन पर कोई तिरपाल था ही नहीं और ये स्टैग पूरी तरह बारिश में भीगते रहे।

> ओपन पलिंथों पर लगे गेहूं के स्टैगों को तिरपाल से ढका हुआ था लेकिन तेज हवा के कारण कुछ स्टैगों से तिरपाल उड़ गए थे उन्हें दोबारा तिरपाल लगा कर ढका जा रहा है। कुछ तिरपालों की कमी है जिस कारण कुछ स्टैग पूरी तरह ढके नहीं जा सके और इन स्टैगों के टॉप पर ही छोटा तिरपाल ढका हुआ था।
>
> **टहल सिंह, इंस्पैक्टर, खाद्य एवं आपूर्ति विभाग**
>
> बिना तिरपाल के ओपन में गेहूं के स्टैग नहीं लगे होने चाहिए। यदि ऐसा हुआ है तो इस मामले की जांच की जाएगी। और इस मामले में जो भी दोषी पाया जाएगा उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।
>
> **मनजीत सिंह, डीएम, एफसीआइ**

बताया यह जा रहा है कि तिरपालों की कमी के कारण पेडी वाले छोटे तिरपाल इन स्टैगों के ऊपर लगाए हुए थे लेकिन गत रात्रि बारिश के साथ चली तेज हवाओं के चलते ये छोटे तिरपाल उड़ गए जिसके चलते ये स्टैग बारिश में भीग गए हैं लेकिन मंगलवार सुबह भी ये सभी स्टैग बारिश में भीग रहे थे और किसी भी कर्मचारी ने इन स्टैगों को ढकने की जहमत नहीं उठाई। इसके अलावा कुछ स्टैगों के ऊपर छोटे तिरपाल ढके हुए तो थे लेकिन तिरपाल के ऊपर से बारिश का पानी बह कर साईडों में गेहूं की बोरियों को भीगों रहा था और साईडों से पूरी तरह ओपन होने के कारण बारिश की बौछारें भी इन बोरियों को भीगने से नहीं बचा पा रही थी। वही कई गोदामों में बड़ें तरपाल भी देखे गए लेकिन बोरियों पर ढकने की बजाय साईड में रखे पाए। जिससे पता चलता है कि अधिकारी व कर्मचारी स्वयं भी लापरवाह है। जो कि बारिश के दौरान भी गेहूं को ढकने से बचते रहते है। दूसरी ओर विभागीय अधिकारियों को अच्छी तरह पता है कि बरसात का सीजन शुरू होने वाला है और अगले महीने से काफी तेज बारिश होगी लेकिन बावजूद इसके पर्याप्त तिरपालों का प्रबंध करके और गेहूं की बोरियों के ओपन पलिंथों पर लगे तमाम स्टैगों को पूरी तरह तिरपाल से ढक कर व उन्हें अच्छी तरह बांधना सुनिश्चित क्यों नहीं किया गया। यह जांच का विषय है।